भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 49**
01.12.2025 को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की रूपरेखा**

**49. श्री गौरव गोगोई :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहे शहरों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उन शहरों की सूची क्या है जिन्होंने वर्ष 2019 में एनसीएपी के आरंभ के बाद से वायु गुणवत्ता में सुधार संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है या प्राप्त करने वाले हैं;

(ग) क्या वर्ष 2026 तक पीएम 2.5 और पीएम10 के स्तर में 40 प्रतिशत की कमी के लक्ष्य की दिशा में एनसीएपी की प्रगति के संबंध में कोई मूल्यांकन किया गया है;

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि एनसीएपी के कार्यान्वयन के बावजूद कई शहरों में वायु की गुणवत्ता खतरनाक बनी हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) एनसीएपी के लक्ष्य को संशोधित करने और उक्त कार्यक्रम में जलवायु-वायु गुणवत्ता सह-लाभ कार्यनीति को एकीकृत करने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (ड.): पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) द्वारा राष्ट्रीय, राज्य और शहरी स्तर की स्वच्छ वायु कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से देश के 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 130 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जनवरी 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया गया था।

सभी 130 शहरों द्वारा संबंधित शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार उपायों को लागू करने के लिए शहरी विशिष्ट स्वच्छ वायु कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं। ये योजनाएं मिट्टी और सड़क की धूल, वाहनो द्वारा उत्सर्जन, अपशिष्ट को जलाना, निर्माण और विध्वंस गतिविधियों तथा औद्योगिक प्रदूषण जैसे वायु प्रदूषण स्रोतों को लक्षित करती हैं।

वर्ष 2019-20 के दौरान अब तक वायु प्रदूषण उपशमन उपायों को लागू करने के लिए एक महत्वपूर्ण गैप फंडिंग के रूप में 130 शहरों को 13,415.43 करोड़ रुपये का प्रदर्शन आधारित अनुदान प्रदान किया गया है। यह कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत, स्मार्ट सिटी मिशन, पीएम ई-बस सेवा, पीएम ई-ड्राइव, सस्ती परिवहन के लिए स्थायी विकल्प (सतत) और नगर वन योजना, साथ ही कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, नगर निगम और अन्य विकास प्राधिकरण के संसाधनों के अभिसरण के माध्यम से संसाधनों को जुटाने का भी लाभ उठाता है।

एनसीएपी के तहत 130 शहरों में 836 स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता निगरानी की जाती है। सीपीसीबी एनसीएपी के तहत सभी 130 शहरों का वार्षिक प्रदर्शन आकलन करता है। शहरों को अपनी कार्य योजनाओं को लागू करने के लिए प्रदर्शन-आधारित अनुदान प्राप्त होता है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को अतिरिक्त फंडिंग और मान्यता के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है।

इस कार्यक्रम के तहत शहरों को वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए पीएम10 स्तरों के संदर्भ में वार्षिक वायु प्रदूषण में कमी के लक्ष्य प्रदान किए गए हैं। पीएम2.5, पीएम10 का सबसेट होने के नाते, पीएम10 में कमी के उद्देश्य से कार्यों के साथ भी कुछ हद तक कम हो जाता है।

एनसीएपी के तहत 130 शहरों द्वारा केंद्रित कार्यों ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं, जिसमें 103 शहर वर्ष 2017-18 के संबंध में वर्ष 2024-25 में पीएम10 सांद्रता में कमी हुई हैं, जिनमें से 64 शहरों ने पीएम10 के स्तर में 20% से अधिक की कमी हुई है और इनमें से 25 शहरों ने 40% से अधिक की कमी हासिल की है। कुल 22 शहरों ने राष्ट्रीय परिवेश वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यू) को पूरा किया है और पीएम10 सांद्रता 60 µg/m3 से कम है। एनसीएपी के तहत शामिल किए गए शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार का विवरण **अनुबंध ।** में संलग्न है।

*****

अनुबंध ।

**वित्तीय वर्ष 2017-18 की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में एनसीएपी के तहत 130 शहरों की पीएम10 सांद्रता में सुधार**

| क्र.सं | शहर | 2017-18 पीएम10 का औसत सांद्रता (वित्तीय वर्ष) (µg/m3) | 2024-25 पीएम10 का औसत सांद्रता (वित्तीय वर्ष) (µg/m3) | वित्तीय वर्ष 2017-18 की तुलना में 2024-25 में % सुधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरेली | 207 | 48 | 76.8 |
| 2 | वाराणसी | 230 | 59 | 74.3 |
| 3 | फ़िरोज़ाबाद | 247 | 100 | 59.5 |
| 4 | देहरादून | 250 | 107 | 57.2 |
| 5 | मुरादाबाद | 222 | 96 | 56.8 |
| 6 | कानपुर | 227 | 102 | 55.1 |
| 7 | तूतीकोरिन | 123 | 56 | 54.5 |
| 8 | नालागढ़ | 146 | 68 | 53.4 |
| 9 | आगरा | 202 | 103 | 49.0 |
| 10 | धनबाद | 315 | 166 | 47.3 |
| 11 | गाज़ियाबाद | 285 | 154 | 46.0 |
| 12 | रायबरेली | 145 | 79 | 45.5 |
| 13 | सूरत | 130 | 71 | 45.4 |
| 14 | झांसी | 109 | 60 | 45.0 |
| 15 | जालंधर | 178 | 99 | 44.4 |
| 16 | ग्रेटर मुंबई | 161 | 90 | 44.1 |
| 17 | कोहिमा | 127 | 71 | 44.1 |
| 18 | बिरनीहाट | 175 | 98 | 44.0 |
| 19 | लखनऊ | 253 | 142 | 43.9 |
| 20 | बदलापुर | 160 | 90 | 43.8 |
| 21 | श्रीनगर | 132* | 76 | 42.4 |
| 22 | इलाहाबाद | 169 | 99 | 41.4 |
| 23 | उल्हासनगर | 153 | 90 | 41.2 |
| 24 | अमृतसर | 189 | 112 | 40.7 |
| 25 | राजकोट | 150 | 89 | 40.7 |
| 26 | सुंदर नगर | 78 | 47 | 39.7 |
| 27 | बद्दी | 174 | 108 | 37.9 |
| 28 | कोलकाता | 147 | 92 | 37.4 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | अहमदाबाद | 164 | 103 | 37.2 |
| 30 | फरीदाबाद | 229* | 147 | 35.8 |
| 31 | जोधपुर | 189 | 122 | 35.4 |
| 32 | त्रिची | 88 | 57 | 35.2 |
| 33 | नोएडा | 229 | 149 | 34.9 |
| 34 | ऋषिकेश | 129 | 84 | 34.9 |
| 35 | ठाणे | 138 | 90 | 34.8 |
| 36 | हावड़ा | 139 | 92 | 33.8 |
| 37 | अकोला | 111 | 74 | 33.3 |
| 38 | नया नांगल | 87 | 58 | 33.3 |
| 39 | वडोदरा | 133 | 90 | 32.3 |
| 40 | अलवर | 152 | 105 | 30.9 |
| 41 | राजमुंदरी | 85 | 59 | 30.6 |
| 42 | गोरखपुर | 150 | 105 | 30.0 |
| 43 | विजयवाड़ा | 91 | 64 | 29.7 |
| 44 | खन्ना | 142 | 101 | 28.9 |
| 45 | काला अंब | 118 | 84 | 28.8 |
| 46 | जबलपुर | 101 | 73 | 27.7 |
| 47 | गजरौला | 204 | 148 | 27.5 |
| 48 | परवाणू | 66 | 48 | 27.3 |
| 49 | डेरा बाबा नानक | 79 | 58 | 26.6 |
| 50 | हैदराबाद | 110 | 81 | 26.4 |
| 51 | बेंगलुरु | 92 | 68 | 26.1 |
| 52 | अमरावती | 102 | 76 | 25.5 |
| 53 | कडप्पा | 75 | 56 | 25.3 |
| 54 | शिवसागर | 73 | 55 | 24.7 |
| 55 | रांची | 141 | 107 | 24.1 |
| 56 | कुरनूल | 79 | 60 | 24.1 |
| 57 | लुधियाना | 168 | 129 | 23.2 |
| 58 | अनंतपुर | 78 | 60 | 23.1 |
| 59 | दावणगेरे | 74 | 57 | 23.0 |
| 60 | हुबली-धारवाड़ | 79 | 61 | 22.8 |
| 61 | दीमापुर | 142 | 112 | 21.1 |
| 62 | जम्मू | 157 | 124 | 21.0 |
| 63 | नागांव | 82 | 65 | 20.7 |
| 64 | नेल्लोर | 64 | 51 | 20.3 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 | दुर्ग भिलाईनगर | 86 | 69 | 19.8 |
| 66 | खुर्जा | 195 | 159 | 18.5 |
| 67 | लातूर | 82 | 67 | 18.3 |
| 68 | जयपुर | 172 | 142 | 17.4 |
| 69 | कोटा | 139 | 115 | 17.3 |
| 70 | मेरठ | 159 | 133 | 16.4 |
| 71 | मंडी गोबिंदगढ़ | 148 | 124 | 16.2 |
| 72 | दिल्ली | 241 | 203 | 15.8 |
| 73 | मदुरै | 72 | 61 | 15.3 |
| 74 | सांगली | 87 | 74 | 14.9 |
| 75 | चित्तूर | 70 | 60 | 14.3 |
| 76 | पटियाला | 106 | 91 | 14.2 |
| 77 | उज्जैन | 93 | 80 | 14.0 |
| 78 | चेन्नई | 66 | 58 | 12.1 |
| 79 | हल्दिया | 92 | 81 | 12.0 |
| 80 | अनपरा | 175 | 155 | 11.4 |
| 81 | एलुरु | 72 | 64 | 11.1 |
| 82 | मुजफ्फरपुर | 147 | 131 | 10.9 |
| 83 | आसनसोल | 147 | 131 | 10.9 |
| 84 | ओंगोल | 65 | 58 | 10.8 |
| 85 | वसई विरार | 99 | 90 | 9.1 |
| 86 | कोल्हापुर | 89 | 81 | 9.0 |
| 87 | पुणे | 102 | 93 | 8.8 |
| 88 | नागपुर | 100 | 92 | 8.0 |
| 89 | नासिक | 82 | 76 | 7.3 |
| 90 | ग्वालियर | 126 | 117 | 7.1 |
| 91 | जालना | 99 | 93 | 6.1 |
| 92 | काशीपुर | 99 | 93 | 6.1 |
| 93 | चंद्रपुर | 118 | 111 | 5.9 |
| 94 | गुलबर्गा/कलबुर्गी | 55 | 52 | 5.5 |
| 95 | उदयपुर | 127 | 121 | 4.7 |
| 96 | भोपाल | 112 | 107 | 4.5 |
| 97 | कटक | 93 | 89 | 4.3 |
| 98 | पांवटा साहिब | 84 | 81 | 3.6 |
| 99 | गुंटूर | 66 | 64 | 3.0 |
| 100 | गुवाहाटी | 103 | 100 | 2.9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 101 | पटना | 172 | 167 | 2.9 |
| 102 | नलबाड़ी | 87 | 85 | 2.3 |
| 103 | दुर्गापुर | 150 | 149 | 0.7 |
| 104 | चंडीगढ़ | 114 | 114 | 0.0 |
| 105 | कलिंग नगर | 109 | 109 | 0.0 |
| 106 | भुवनेश्वर | 85 | 86 | -1.2 |
| 107 | संगारेड्डी | 85 | 86 | -1.2 |
| 108 | इंदौर | 82 | 83 | -1.2 |
| 109 | डमटाल | 55 | 56 | -1.8 |
| 110 | नवी मुंबई | 88 | 90 | -2.3 |
| 111 | सोलापुर | 81 | 83 | -2.5 |
| 112 | विजयनगरम | 72 | 74 | -2.8 |
| 113 | देवास | 83 | 86 | -3.6 |
| 114 | तालचेर | 113 | 119 | -5.3 |
| 115 | बैरकपुर | 86 | 92 | -7.0 |
| 116 | रायपुर | 70 | 75 | -7.1 |
| 117 | जमशेदपुर | 135 | 145 | -7.4 |
| 118 | सागर | 73 | 79 | -8.2 |
| 119 | गया | 79 | 87 | -10.1 |
| 120 | सिलचर | 49 | 54 | -10.2 |
| 121 | बालासोर | 84 | 93 | -10.7 |
| 122 | डेरा बस्सी | 88 | 98 | -11.4 |
| 123 | राउरकेला | 99 | 111 | -12.1 |
| 124 | श्रीकाकुलम | 69 | 79 | -14.5 |
| 125 | अंगुल | 97 | 116 | -19.6 |
| 126 | कोरबा | 57 | 69 | -21.1 |
| 127 | नलगोंडा | 59 | 78 | -32.2 |
| 128 | जलगांव | 70 | 93 | -32.9 |
| 129 | विशाखापत्तनम | 76 | 101 | -32.9 |
| 130 | औरंगाबाद | 75 | 100 | -33.3 |

* फरीदाबाद और श्रीनगर के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 के पीएम10 लेवल उपलब्ध नहीं हैं। फरीदाबाद के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 के पीएम10 लेवल और श्रीनगर के लिए वित्तीय वर्ष 2018-19 के पीएम10 लेवल को मुख्य आधार माना गया है।

*****